दिनांक: 26.09.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुबे सिह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 26.09.2025 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा 02 वारंटी अभियुक्तगण **1.फरमान पुत्र रमजान निवासी ग्राम दतौली राघड थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर** (सम्बंधित वाद संख्या 7243/25 मु0अ0स0 94/24 धारा 452/323/504/506 भा0द0वि0) **2.पंकज उर्फ लुका पुत्र कर्मवीर उर्फ टिड्डा निवासी ग्राम दतौली राघड थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर** (सम्बंधित वाद संख्या 3113/23 धारा 392/411 भादवि चालानी थाना चिलकाना) को ग्राम दतौली राघड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पताः-**

1. फरमान पुत्र रमजान निवासी ग्राम दतौली राघड थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर।
2. पंकज उर्फ लुका पुत्र कर्मवीर उर्फ टिड्डा निवासी ग्राम दतौली राघड थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री सुबोध कुमार शर्मा थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. का0 2341 कपिल कुमार थाना को0देहात जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 334 संजीव कुमार थाना को0 देहात जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक 26.09.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना तीतरो मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय विधालय की बालिकाओं को थाना परिसर में बुलाकर थाना कार्यालय एंव थाना क्षेत्र का भ्रमण कराकर पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया व एक बालिका को 01 दिन का थाना प्रभारी बनाया गया।

➤ मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता, सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना सहारनपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ,सहारनपुर के निर्देशन एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक यातायात एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी गंगोह अपराध के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान-5.0 अभियान के क्रम मे प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार थाना तीतरों जिला सहारनपुर व मिंशन शक्ति टीम प्रभारी म0उ0नि0 अवनी उपाध्याय व म0का0 2160 पूजा बालियान द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र तीतरों जिला सहारनपुर पर कस्तूरबा गाँधी आवासीय विधालय की बालिकाओं को थाना परिसर में बुलाकर पुलिस कार्य प्रणाली की जानकारी प्रदान की गयी जिसमें मिशन शक्ति कार्यक्रम, सीसीटीएनएस, डाक कार्यालय, मालखाना एंव रो0आम आदि का भ्रमण कराकर जानकारी प्रदान की गयी। उक्त के अनुक्रम में बालिका सरस्वती को एक दिवस का थाना प्रभारी तीतरों नियुक्त कर थाना अभिलेखों की जानकारी प्रदान की गयी तथा नवनियुक्त थाना प्रभारी बालिका सरस्वती द्वारा महिला हैल्प डैस्क पर शिकायतकर्ता ओमवती पत्नी दौलतराम निवासी बेरखेडी हिन्दू थाना तीतरों जिला सहारनपुर द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र की सुनवाई की गयी एंव प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु की जाने वाली विधिक कार्यवाही से अवगत कराया गया । उक्त के बाद नवनियुक्त थाना प्रभारी बालिका सरस्वती को थाना तीतरो के सरकारी वाहन में रवाना कर थाना क्षेत्र का भ्रमण कराया गया एंव पैट्रोल पम्प कस्बा तीतरों पर दो पहिया वाहन चालको को नो हेलमेट नो फ्यूल तथा सडक पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को यातायात सुरक्षा सम्बन्धी नियमों से अवगत कराया गया।

मिशन शक्ति अभियान पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार थाना तीतरों, सहारनपुर
2. म0उ0नि0 अवनी उपाध्याय थाना तीतरों, सहारनपुर
3. म0का0 2160 पूजा थाना तीतरों, सहारनपुर

**उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान “मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर लगातार जागरूक किया जा रहा है।**

-प्रेस नोट-

दिनांक 26.09.2025

# मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना प्रभारी गागलहेड़ी व मिशन शक्ति केन्द्र थाना गागलहेड़ी टीम द्वारा इंसानियत का परिचय देते हुए भूख से तड़पती एक बेसहारा बुजुर्ग महिला को पानी पिलाकर भोजन कराया और उनको राशन भी उपलब्ध कराया गया, यह सब देखकर बुजुर्ग महिला भावुक हो गयी जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी को कांपते हाथो से आशिर्वाद दिया

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक नगर/यातायात के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति केन्द्र थाना गागलहेड़ी एन्टी रोमियो टीम के साथ छात्र/छात्राओं को सुरक्षा और जागरूकता अभियान से वापस लौट रहें थाना प्रभारी श्री प्रवेश कुमार को सूचना मिली कि गागलहेड़ी तिराहे के पास भूख से तड़पती एक बुजुर्ग महिला बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ी-राहगीर हैरान खड़े रहे। इस सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग महिला को पानी पिलाकर भोजन कराया गया तथा उनके लिए राशन भी खरीदा ताकि वह आने वाले दिनों में भूखी न सोए। उस पल बुजुर्ग महिला की आंखों से आंसू छलक पड़े और कांपते होंठों से आशीर्वाद दिया।

-प्रेस नोट-

दिनांक:**26.09.2025**




**<u>अभियान मिशन शक्ति 5.0 के तहत मिशन शक्ति केन्द्र थाना बड़गांव की एण्टीरोमियों टीम द्वारा कालेज से आ रही छात्राओ पर अश्लील फब्तिया कसने वाला 01 मनचला अभियुक्त गिरफ्तार</u>**

**<u>उ0प्र0 शासन की मनसा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलबंन हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर छात्र/छात्राओं व महिलाओं को चौपाल लगाकर लगातार जागरूक किया जा रहा है-</u>**

**इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में महिला सम्बन्धी अपराध की रोकथाम एव मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी बडगाँव श्री सुरेन्द्र राव के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 26.09.2025 को मिशन केन्द्र थाना बड़गांव की एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा जनता इण्टर कालेज ग्राम अम्बेहटा चांद से आ रही छात्राओ पर अश्लील फब्तिया कंसने वाले 01 मनचले **अभियुक्त कर्मवीर पुत्र छोटा निवासी ग्राम अम्बेहटा चांद थाना बडगांव जनपद सहारनपुर** को जनता इण्टर कालेज ग्राम अम्बेहटा चांद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्व थाना बड़गांव पर मु0अ0सं0 211/2025 धारा 296 बीएनएस के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्व अन्य आवश्यक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता</u>**

कर्मवीर पुत्र छोटा निवासी ग्राम अम्बेहटा चांद थाना बडगांव जनपद सहारनपुर

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास</u>**

1. मु0अ0सं0 17/2012 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 186/13 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 211/25 धारा 296 बीएनएस थाना बडगांव जनपद सहारनपुर

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम-</u>**

1- थाना प्रभारी श्री सुरेन्द्र राव थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
2- म0उ0नि0 दीक्षा थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
3- हे0कां0 594 मौ0 आबिद थाना बडगांव जनपद सहारनपुर
4- म0पीआरडी सोनिया थाना बडगांव जनपद सहारनपुर

**दिनांक 26.09.2025**

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नकुड़ मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज की छात्राओं को कराया थाने का भ्रमण, 03 बेटियां बनीं 01 दिन की थानाध्यक्ष की, जनसुनवाई।

- **मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता, सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना सहारनपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक यातायात एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान-5.0 अभियान के क्रम में महिला सशक्तिकरण अभियान 'मिशन शक्ति' के पांचवें चरण के तहत नकुड थाने में एक अनूठी पहल की गई। यहां क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिसोदिया, थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी और एंटी रोमियों टीम के सहयोग से महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज की छात्राओं को थाना परिसर का विशेष भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली, सुरक्षा उपायों और महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि **अग्रसेन स्कूल की कक्षा 12 की होनहार छात्रा माही शर्मा, कक्षा 9 की इकरा और खुशी पंवार को प्रतीकात्मक रूप से 01 दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया।** इन छात्राओं ने थाने में जनसुनवाई का आयोजन किया, जहां आने वाले लोगों की शिकायतें सुनीं और उनका निस्तारण करने का अनुभव प्राप्त किया। यह गतिविधि छात्राओं में आत्मविश्वास जगाने और उन्हें कानून-व्यवस्था के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। नकुड थाने की यह पहल इसी अभियान का हिस्सा है, जो स्थानीय स्तर पर छात्राओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

**उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान "मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर लगातार जागरूक किया जा रहा है।**

**-प्रेस नोट-**

**दिनांक 26.09.2025**

**<u>वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अभियान “मिशन शक्ति 5.0” के तहत उ0प्र0 शासन की मनसा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलबंन हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर लगातार छात्र/छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में मिशन शक्ति केन्द्र थाना कुतुबशेर द्वारा पीडिता का अपने पति के साथ समझौता कराकर पति-पत्नि को खुशी-खुशी परिजनों के साथ घर के लिए रवाना किया</u>**

➢ **<u>मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता, सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना सहारनपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।</u>**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन उ0प्र0 शासन की मनसा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलबंन हेतु मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं/छात्राओं को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं पुलिस अधीक्षक यातायात के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम एवं प्रभारी निरीक्षक कुतुबशेर श्री हृदय नारायण सिह के कुशल नेतृत्व में प्रभारी मिशन शक्ति केन्द्र म0उ0नि0 श्वेता शर्मा व म0का0 2154 रितिका सहरावत द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र कुतुबशेर पर वादिया कविता पत्नी मुकेश निवासी ग्राम जीतवाला कोलागढ थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर की समस्याओ को सुनकर दोनों पक्षों से परिजनो को बुलाकर पति पत्नी की काउसंलिग कराकर उनका मार्गदर्शन कर आपसी सहमति से सुलह समझौता कराकर परिजनो के साथ पति-पत्नी को एक साथ खुशी-खुशी घर के लिए रवाना किया। दोनो पक्षों के परिजनों व अन्य लोगो ने पुलिस के कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

**उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान “मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है।**

**<u>मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम-</u>**

1. म0उ0नि0 श्वेता शर्मा, प्रभारी मिशन शक्ति केन्द्र थाना कुतुबशेर, सहारनपुर
2. म0का0 2154 रितिका सहरावत थाना कुतुबशेर, सहारनपुर

**दिनांक 26.09.2025**

**-प्रेस नोट-**

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अभियान "मिशन शक्ति 5.0" के तहत मिशन शक्ति केन्द्र थाना सरसावा द्वारा दिगम्बर जैन कन्या इण्टर कालेज कस्बा सरसावा में उ0प्र0 शासन की मनसा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलबंन हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर छात्र/छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया गया-

- **मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता, सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना सहारनपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

आज दिनांक 25.09.2025 थाना सरसावा एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा **दिगम्बर जैन कन्या इण्टर कालेज कस्बा सरसावा** में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद सहारनपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण से जागरूक किया गया तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरुक किया गया एवं विशेष रूप से गुड़ टच व बैड टच, सेल्फ डिफेन्स व महिला सम्बन्धी कानूनों के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

**उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान "मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है।**

दिनांक 26.09.2025

-प्रेस नोट-

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अभियान "मिशन शक्ति 5.0" के तहत मिशन शक्ति केन्द्र महिला थाना एण्टीरोमियों टीम द्वारा पुलिस लाइन स्थित टीन शेड में स्कूली छात्राओं को उ0प्र0 शासन की मनसा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलबंन हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर छात्र/छात्राओं को सेल्फ डेफेन्स के विषय में जागरूक किया गया-**

- **मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता, सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना सहारनपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

आज दिनांक 26.09.2025 को क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री प्रिया यादव के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती बबीता तोमर के कुशल नेतृत्व में **मिशन शक्ति केन्द्र महिला थाना एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा पुलिस लाइन स्थित टीन शेड** में **स्कूली छात्र/छात्राओं को** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद सहारनपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण से जागरूक किया गया तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया एवं विशेष रूप से गुड़ टच व बैड टच, सेल्फ डिफेन्स व महिला सम्बन्धी कानूनों के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

**उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान "मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है।**